प्रेस नोट

सराहनीय कार्य कानपुर देहात

दिनांक- 24.03.2026

- **आवेदक को सिविल स्कोर बढाने का झांसा देकर साइबर ठग द्वारा क्रेडिट कार्ड से धनराशि ₹ 1,31,447/- को निकाल कर साइबर ठगी की गयी थी।**
- **थाना भोगनीपुर पुलिस (साइबर हेल्प डेस्क) द्वारा त्वरित कार्यवाही करते हुये शत-प्रतिशत धनराशि ₹ 1,31,447/- को आवेदक के खाते में वापस करायी गयी।**

कृपया अवगत कराना है कि जनपद कानपुर देहात में अपराध निवारण की दिशा में साइबर क्राइम से सम्बंधित घटनाओं की रोकथाम व खुलासे हेतु चलाये जा रहे विशेष अभियान के क्रम में, शिकायतकर्ता श्री अनुराग तिवारी पुत्र गिरीगणेश निवासी शास्त्रीनगर पुखरायां थाना भोगनीपुर जनपद कानपुर देहात के खाते से दिनांक 20.03.2026 को साइबर ठग द्वारा सिविल स्कोर बढाने का झांसा देकर आवेदक के क्रेडिट कार्ड से ₹ 1,31,447/- निकाल कर साइबर ठगी की गयी। जिसके सम्बन्ध में आवेदक द्वारा तत्काल दिनांक 20.03.2026 को साइबर हेल्प डेस्क थाना भोगनीपुर पर शिकायत दर्ज करायी गयी। जिस पर त्वरित कार्यवाही करते हुए थाना भोगनीपुर (साइबर हेल्प डेस्क) द्वारा साइबर ठगी की सम्पूर्ण धनराशि को होल्ड कराकर शत-प्रतिशत धनराशि ₹ 1,31,447/-को आवेदक के खाते में वापस करायी गयी है। दिनांक 22.03.2026 को आवेदक के खाते में वापस करायी गयी है। पुलिस की कार्यवाही से शिकायतकर्ता ने थाना भोगनीपुर पुलिस का धन्यवाद दिया।

खाते से धोखाधड़ी से पैसा निकलने की दशा में तुरन्त 1930 पर कॉल करें या www.cybercrime.gov.in पर शिकायत दर्ज करे।

वापिस करायी गयी कुल धनराशि-

₹ 1,31,447/-

धनराशि वापिस कराने वाली थाना भोगनीपुर पुलिस टीम-

1.प्रभारी निरीक्षक श्री सतीश कुमार सिंह

2. उ0नि0 श्री अवनीश वर्मा

3. आरक्षी 03 नितिन कुमार